समाचार

# मच्छरों से निपटने चलाई जा रही फागिंग मशीन




कोरबा 16 जुलाई 2020 –नगर पालिक नगम कोरबा द्वारा बरसात के इस मौसम में संक्रामक रोगों की रोकथाम एवं बढ़ते मच्छरों पर नियंत्रण पाने हेतु फागिंग मशीन का संचालन एक निर्धारित कार्ययोजना के तहत वार्डो एवं बस्तियों में कराया जा रहा है। इस कड़ी में वार्ड क्र. 01 से लेकर 09 तक एवं वार्ड क्र. 17 से लेकर 23 तक के वार्डो में फागिंग मशीन चलाई जा चुकी है।

यहां उल्लेखनीय है कि डेंगू, मलेरिया, पीलिया तथा अन्य संक्रामक व जल तथा कीटजनित बीमारियों की रोकथाम एवं उनके नियंत्रण की दिशा में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विगत कई दिनों से जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, निगम का अमला बाजारों, दुकानों, शापिंग काम्पलेक्सों, आवासीय व व्यवसायिक क्षेत्रों, बस्तियों आदि में पहुंचकर नागरिकों से इन रोगों से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह करने के साथ–साथ जानकारियों से संबंधत पम्पलेटों का वितरण भी कराया जा रहा है। निगम द्वारा एक ओर जहां साफ–सफाई कार्यो के बेहतर संपादन, कीटनाशक दवाओं का छिड़काव का कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बढ़ते मच्छरों पर नियंत्रण पाने के लिए वार्ड व बस्तियों में फागिंग मशीन चलाई जा रही है। निगम द्वारा इस हेतु एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार कर ली गई है, इस कड़ी में अभी तक वार्ड क्र. 01 से 09 एवं वार्ड क्र. 17 से 23 तक के वार्डो में फागिंग मशीन का संचालन कराया जा चुका है।

**महापौर ने आमजन से की अपील**– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु मास्क का उपयोग व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य रूप से करें, इसके साथ ही डेंगू, मलेरिया, पीलिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। घरों के कूलरों का पानी प्रतिदिन बदलें, घर में तथा घर के आसपास पानी का जमाव न होने दें, मच्छरदानी का उपयोग करें, घर व घर के आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न डालें, शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दें।